**Terms of Reference**
**Senior Consultant (Drugs and Logistics), QPS Division**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute towards National strategic health planning and programme design. Work at the NHSRC is organised around eight divisions, namely – Community Processes & Comprehensive Primary Care (CP-CPHC), Quality & Patient Safety, Knowledge Management, Public Health Administration, Healthcare Financing & Healthcare Technology, Human Resources for Health & Integrated Planning, and IT division. NHSRC intends recruiting Senior Consultant for Drugs & Logistics unit within the Quality and Patient Safety Division.

**Summary of the Position**

India is among the countries with the highest out of pocket expenses (OPE) on healthcare, of which approx. 65% of the expenditure is on account of drugs & diagnostic. Under the National Health Mission (NHM), the Ministry of Health & Family Welfare (MOHFW) has been supporting the states to improve access to free/affordable drugs to the beneficiaries through recently launched Free Drugs Service Initiative. This support includes strengthening system of procurement, developing IT Backed supply chain system (Drugs and Vaccine distribution system (DVDMS), introducing latest warehousing techniques, revision of Essential Medicine List (EML), Quality Assurance System, prescription audits, setting up of grievance redressal system, and channelizing Information, education, and communication (IEC). MoHFW had also launched an IT enabled drug tracking & monitoring system, DVDMS (Drug & Vaccine Distribution and Management System), which provides real-time monitoring of drug availability at different level. The incumbent would be expected to coordinate and facilitate the implementation of the Free Drugs Initiative in the states, which would encompass handholding the states during the roll out and managing the operational issues faced during the implementation.
Strengthening of the supply chain is another prerequisite for ensuring availability of quality medicines at the peripheral health facilities. The incumbent would be expected to be open for cross-learning from other sectors and develop few implantable models, which could be piloted in the states. Subsequently s/he would help in the evaluation and support the MoHFW and states in the scaling it up.

**Roles & Responsibilities:**

Expected role of the incumbent is multi-dimensional and are summarised below –

- To review the existing Procurements/logistics and supply chain Management systems in the country.
- To conduct situational analysis and field visits for enabling informed decision by the states in implementation of the initiative.
- To assist states and MoHFW in adoption/customization of the IT based Inventory Management system developed by CDAC and NIC e.g. e-Aushidhi, DVDMS etc.
- To review and update the existing Essential Medicine List (EML) in accordance with the revised Indian Public Health Standards (IPHS) for different level of public health facilities.

- Develop strategy and Implementation Plan for states to promote “Rational use of Drugs” by changing Prescription behaviour of doctors.
- Supporting states in Planning, conducting and Analysis of Prescription Audits.
- Financial analysis of the Budget Proposed by the state in PIP, Approvals in ROP, and utilization by the state.
- To collect and analyse the data regarding drugs and logistics systems provided by the states.
- Mentor the team
- To track and review the periodic data uploaded by the states on DVDMS developed by MOHFW.
- Any other function, as allotted by Advisor – Quality & Patient Safety.

**Qualification & Experience:**
For achieving above-mentioned deliverables, the applicant is expected to possess following qualifications & experience –

- Full time B. Pharma degree from a reputed university.
- Full-time MBA (or equivalent) in Pharma Management/ Supply Chain management OR M Pharma Degree.
- Five years relevant work experience, out of which at least 2 years should be Public Health System.
- Strong IT skills with knowledge of logistics Management Information Systems (DVDMS, E-Aushadhi, etc).
- Proficiency in MS Office package.
- Excellent Communication skills – Writing & Verbal.

**Desirable qualifications:**

- Two years’ work experience at National level organisations.

  **Note-**

  - Understanding IT portals would be an added advantage.
  - Only shortlisted candidates will be called for an interview.
  - Incumbent is expected to have excellent writing skills and language proficiency, for which a screening test may be administered.

**Age Limit:** 50 years & below. (As on the date of receiving the application)

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Travel to states and districts may be involved.

**Remuneration Range:** Between Rs. Rs.90,000/- to Rs. 1,50,000/-

*Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract:** Initial Contract till 31st March 2027 with further extension subject to satisfactory performance)
Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 17 June 2025.

**संदर्भ की शर्तें**

**वरिष्ठ सलाहकार (ड्रग्स एंड लॉजिस्टिक्स), QPS डिवीजन**

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए व राज्यों को तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना की गई है।

एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य योजना और कार्यक्रमो की रूपरेखा में भी योगदान देने का दायित्व दिया गया है।

एनएचएसआरसी में कार्य को आठ प्रभागों के आयोजित किया जाता है, जैसे - सामुदायिक प्रक्रियाएं और व्यापक प्राथमिक देखभाल (सीपी-सीपीएचसी), गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा, ज्ञान प्रबंधन, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण और स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और एकीकृत योजना के लिए मानव संसाधन, और आईटी प्रभाग।

एनएचएसआरसी गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा प्रभाग के अंतर्गत औषधि एवं रसद इकाई के लिए वरिष्ठ सलाहकार की भर्ती करना चाहता है।

**पद के बारे में -**

भारत स्वास्थ्य देखभाल पर सबसे ज्यादा व्यय (ओपीई) करने वाले देशों में से एक है, जिनमें से लगभग 65% खर्च दवाओं और डायग्नोस्टिक पर होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) हाल में शुरू हुई मुफ्त दवा सेवा की पहल के माध्यम से लाभार्थियों तक मुफ्त/सस्ती दवाओं की पहुंच में सुधार करने के लिए राज्यों का समर्थन कर रहा है।

इस समर्थन में खरीद की प्रणाली को मजबूत करना, आईटी समर्थित आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली (ड्रग्स और वैक्सीन वितरण प्रणाली (डीवीडीएमएस) विकसित करना, नवीनतम भंडारण तकनीकों को शुरू करना, आवश्यक दवा सूची (ईएमएल) में संशोधन, गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली, प्रिस्क्रिप्शन ऑडिट, शिकायत निवारण की स्थापना शामिल है। इसके अलावा इसमें सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) को चैनलाइज़ करना भी सम्मिलित है ।

एम ओ एच एफ डब्ल्यू ने एक आईटी सक्षम ड्रग ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम, डी. वी. डी. एम.एस (ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन एंड मैनेजमेंट सिस्टम) भी लॉन्च किया , जो विभिन्न स्तरों पर दवा की उपलब्धता की वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करता है।

पदधारी से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह राज्यों में नि:शुल्क दवा की पहल के कार्यान्वयन में समन्वय और सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें कार्यान्वयन के दौरान राज्यों की मदद करना और कार्यान्वयन के दौरान आने वाले परिचालन संबंधी मुद्दों का प्रबंधन करना शामिल होगा।

परिधीय स्वास्थ्य सुविधाओं पर गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना एक और ज़रूरी शर्त है।

पदधारी से अपेक्षा की जाएगी कि वह अन्य क्षेत्रों से क्रॉस-लर्निंग के लिए तैयार रहे और कुछ इम्प्लांटेबल मॉडल विकसित करे, जिन्हें बाद में राज्यों में शुरू किया जा सकेगा । इसके बाद वह मूल्यांकन में मदद करे और इसे बढ़ाने में एम ओ एच एफ डब्ल्यू और राज्यों का समर्थन करे।

**भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ:**

पदधारी की अपेक्षित भूमिका बहुआयामी है जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है

- देश में मौजूदा खरीद/रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणालियों की समीक्षा करना।
- पहल के कार्यान्वयन में राज्यों द्वारा सूचित निर्णय को सक्षम करने के लिए स्थिति अनुसार विश्लेषण और क्षेत्र का दौरा करना।
- सीडीएसी और एनआईसी द्वारा विकसित आईटी आधारित इन्वेंटरी प्रबंधन प्रणाली को अपनाने/अनुकूलन में राज्यों और एम एच ओ एफ डब्ल्यू की सहायता करना। जैसे - औषधि, डीवीडीएमएस आदि।
- विभिन्न स्तर की सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संशोधित भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) के अनुसार मौजूदा आवश्यक चिकित्सा सूची (ईएमएल) की समीक्षा और अद्यतन करना।
- डॉक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन व्यवहार को बदलकर "दवाओं के तर्कसंगत उपयोग" को बढ़ावा देने के लिए राज्यों के लिए रणनीति और कार्यान्वयन योजना विकसित करें।
- प्रिस्क्रिप्शन ऑडिट की योजना, संचालन और विश्लेषण में राज्यों का समर्थन करना।
- पीआईपी में राज्य द्वारा प्रस्तावित बजट का वित्तीय विश्लेषण, आरओपी में अनुमोदन और राज्य द्वारा उपयोग।
- राज्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली दवाओं और रसद प्रणालियों से संबंधित डेटा एकत्र करना और उसका विश्लेषण करना।
- टीम का मार्गदर्शन और उसे लीड करना
- MOHFW द्वारा विकसित DVDMS पर राज्यों द्वारा अपलोड किए गए आवधिक डेटा को ट्रैक और समीक्षा करना।
- सलाहकार द्वारा आवंटित कोई अन्य कार्य - गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा।

**योग्यता एवं अनुभव:**

उपर्युक्त सर्विसेज प्राप्त करने के लिए, आवेदक से निम्नलिखित योग्यताएं और अनुभव रखने की अपेक्षा की जाती है -

- अपेक्षित है की उसने किसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से पूर्णकालिक बी फार्मा की डिग्री पूरी की हो ।
- फार्मा प्रबंधन/आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में पूर्णकालिक एमबीए (या समकक्ष) या एम फार्मा डिग्री ली हो।

- पांच वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव, जिसमें से कम से कम 2 वर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में होना चाहिए।
- लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सूचना प्रणाली (डीवीडीएमएस, ई-औषधि, आदि) के ज्ञान के साथ मजबूत आईटी कौशल।
- एमएस ऑफिस पैकेज में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संचार कौशल - लेखन और मौखिक।

**वांछनीय योग्यता:**

- राष्ट्रीय स्तर के संगठनों में दो वर्ष का कार्य अनुभव।

**-नोट**

- आईटी पोर्टल को समझना एक अतिरिक्त लाभ होगा।
- केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- पदधारी से उत्कृष्ट लेखन कौशल और भाषा दक्षता अपेक्षित है, जिसके लिए एक स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

**आयु सीमा**: 50 वर्ष और उससे कम. (आवेदन प्राप्त होने की तिथि के अनुसार)

**कार्य स्थल**: नई दिल्ली; राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में अनुभव प्राप्त करने का अवसर, इसमें राज्यों और जिलों की यात्रा भी शामिल हो सकती है।

**पारिश्रमिक सीमा**: रु. 90,000/- से रु. 1,50,000/- के बीच

*बैंड के अंतर्गत दी जाने वाली फीस योग्यता और अनुभव के अनुरूप होगी।

**अन्य लाभ**: ऊपर उल्लिखित पारिश्रमिक के अलावा, एनएचएसआरसी के सलाहकार मुफ्त दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी नीति के अनुसार), 30 दिन (लगभग साढ़े 4 सप्ताह) समेकित अवकाश, पूर्ण भुगतान के हकदार हैं। भारत सरकार की नीति के अनुसार मातृत्व अवकाश (महिला सलाहकारों के लिए), प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, और ऑन-ड्यूटी यात्राओं के लिए प्रतिदिन टीए/डीए भी शामिल है।

**अनुबंध की अवधि**: प्रारंभिक अनुबंध 31 मार्च 2027 तक होगा , संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर आगे विस्तार किया जा सकता है।)
इस साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवारों को एनएचएसआरसी में समान कौशल सेट और उचित स्तर की आवश्यकता वाले अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जा सकता है।

**आवेदन कैसे करें**: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र सही ढंग से भरें जो एनएचएसआरसी वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **17 जून 2025** है........